तापमान

अधिकतम 38.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

# हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, शुक्रवार 10 मई 2024



5 सबस्टेशन में तार टूटने व आग लगने से 6 घंटे से



6 जंगल के नदी, नाले, तालाब और पोखर सूखे वन्य...






## खबर संक्षेप

### भगवान परशुराम प्राकट्योत्सव पूजा एवं शोभायात्रा आज

**राजिम।** ब्राह्मण समाज राजिम द्वारा आज शुक्रवार 10 मई को सुबह 9 बजे सामाजिक भवन राजिम में भगवान परशुराम जी का पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरण किया जायेगा एवं कल शनिवार 11 मई को शाम 4 बजे से शोभायात्रा प्राचीन श्रीराम मंदिर से प्रस्थान होगी। यह जानकारी देते हुए समाज के सचिव धीरेंद्र शर्मा ने आसपास के सामाजिक जनों को इस कार्यक्रम में सपरिवार सम्मिलित होने आग्रह किया है।

### युवक के साथ मारपीट

**महासमुंद।** पुरानी रंजिश को लेकर बलौदा थाना अंतर्गत ग्राम मुंडपहार के युवक के साथ मारपीट की घटना हुई है। बलौदा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर मामले की जांच विवेचना शुरू कर दी है। बलौदा पुलिस ने बताया कि प्रार्थी मुंडपहार निवासी विकास कुमार साहू पिता विद्याचरण साहू ने रिपोर्ट लिखाई है कि कल 8 मई को मैं सेमलिया सोसायटी में दूध बेचने के लिए गया था, जहां से मुझे आरोपी खिरसिंधु बारिक पिता ताराचंद बारिक आया और घसीटकर ग्राम मुंडपहार ले आया और पुरानी रंजिश को लेकर बेल्ट और रॉड से मारपीट करने लगा। इस मारपीट से मेरे हाथ, पैर, पीठ, चेहरे पर चोट लगी है। साथ ही आरोपी ने धमकी देते हुए कहा कि मेरे (प्रार्थी) पिता विद्याधर साहू और बड़े भाई प्रकाश साहू को भी मारने की धमकी दी। रिपोर्ट पर बलौदा थाने में आरोपी के खिलाफ धारा 294, 323, 506 के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### सट्टा संचालित कर रहे युवक पर कार्रवाई

**महासमुंद।** बागबाहरा पुलिस ने आईपीएल मैच के दौरान सट्टा का संचालन कर रहे एक युवक पर कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि आरोपी महेंद्र दुबे पिता राजू दुबे (35) निवासी वार्ड 03 स्टेशन चौक बागबाहरा द्वारा चाय ठेला में लोगों को टीवी में आईपीएल क्रिकेट मैच दिखाकर पैसों का दांव लगवाकर सट्टा नामक जुआ संचालित कर रहा था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी के कब्जे से नगद 5000 रुपए, एक टीवी, एक मोबाइल जब्त किया गया है। आरोपी के खिलाफ धारा 6 क छग जुआ प्रतिषेध अधि. 2022 के तहत कार्रवाई की गई है। गौरतलब है कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर आईपीएल क्रिकेट मैच के दौरान सटोरियों पर कार्रवाई के लिए पुलिस टीम को निर्देशित किया गया है।

# टंकी निर्माण अधूरा, लोगों को नहीं मिल पा रहा जल जीवन मिशन का लाभ

## नल-जल योजना सिर्फ कागजों तक ही सिमटा, लोग भीषण गर्मी में पानी के लिए परेशान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रसेला

नल-जल योजना को घर -घर तक पहुंचाने का काम छुरा विकासखण्ड के रसेला क्षेत्र के कई गांवों में चल रहा है। कई पंचायतों में आज भी पानी टंकी का निर्माण कहीं 7 माह तो कहीं साल भर से अधूरा पड़ा है। इसके चलते केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना नल-जल योजना कागजों में ही दौड़ रही है। ठेकेदारों की लापरवाही व अधिकारियों की सुस्त मानिटरिंग से योजना को पलीता लग रहा है। घरों में नल कनेक्शन कर दिया गया है और कई घरों में आज तक कनेक्शन भी नहीं हुआ है। महीनों बाद भी पानी टंकी का काम कछुआ गति से चल रहा है। इससे लोग भीषण गर्मी में पानी के लिए परेशान हो रहे हैं। ग्रामीण हेडपंप व कुएं का पानी पीने को मजबूर हैं। ऐसे में नल-जल योजना सिर्फ कागजों तक ही सिमट कर रह गई है। एक दो पंचायतों में टंकी का काम पूर्ण हो गया है मगर बिजली कनेक्शन के कारण सो पिस बनकर खड़ा है। जिन जिन गांव में नल-जल कनेक्शन को शत सफल होने का दावा कर रहे हैं उन गांव के कई नल-जल कनेक्शन की हालत खराब है कहीं चबूतरा स्टैंड टूटी पड़ी है, तो कहीं पाइप का अस्तित्व खतरा में है, जिससे इंजीनियर से लेकर पीएचई विभाग के कार्यपालन अभियंता भी भली भांति अवगत हैं।



### नल कनेक्शन कार्य में अनियमितता

2019 से संचालित जल जीवन मिशन योजना का लाभ हितग्राहियों को कम और ठेकेदारों को अधिक मिला है। जबकि क्षेत्र के ग्रामीण नल से शुद्ध पेयजल लंबे समय तक मिलने की उम्मीद लगाए देख रहे हैं। नल-जल कनेक्शन कार्य अनियमितता की भेंट चढ़ता दिख रहा है। निर्धारित राशि में काटा मारी जानकारों का मानना है कि सरकार द्वारा 7000 रूपए की निर्धारित राशि नल-जल कनेक्शन में बिल्कुल भी खर्च नहीं किया जाता। कहीं गड्ढा खोदाई में काटा मारी होता है तो कहीं चबूतरा स्टैंड पाइप पर चुना लगाते हैं और ऐसे कार्या में ठेकेदार हजारों रुपए बचा लेते हैं और खामियाजा गरीब हितग्राहियों को भुगतना पड़ता है। जिससे लगभग सभी अवगत भी है।

**अधूरा काम जल्द पूरा होगा-** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के एसडीओ नविन साहू ने बताया की मुझे यहां आए 5-6 महीने हुआ है। सभी जगह जाकर लाइन अप कर रहा हूं। जो अधूरा काम है वह जल्द पूरा होगा। काम को अधूरा छोड़ देने वाले ठेकेदारों को नोटिस दिया गया है।

## परिणाम : सिविल सर्विसेस में अपना कैरियर बनाना चाहते हैं दोनों

# रोज 8 किलोमीटर का सफर करके पढ़ने जाती थी होनिशा मेरिट में दूसरी रही, तो शौर्य 9वें स्थान पर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गरियाबंद/राजिम





माध्यमिक शिक्षा मंडल ने गुरुवार को 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं का रिजल्ट जारी किया। वहीं जिला के भेंडरी गांव (कोपरा) की बेटी होनिशा साहू ने कक्षा 10वीं में 98.33 प्रतिशत हासिल कर प्रदेश में दूसरा स्थान हासिल किया है। होनिशा सरस्वती शिशु मंदिर हाई स्कूल कोपरा में पढ़ रही है। होनिशा साहू भेंडरी गांव की रहने वाली है। वह अपनी पढ़ाई करने रोजाना अपने गांव से 4 किलो मीटर दूर कोपरा तक सायकल चलाकर आना-जाना करती थी। शुरू से वह शिक्षा के प्रति जागरूक रही है। वह सिविल सर्विसेस में अपना कैरियर बनना चाहती है।होनिशा के पिता सहित उनका परिवार गांव में खेती किसानी के काम करते हैं। जब रिजल्ट आया तब भी उनके पिता नोवेश्वर साहू और उनका परिवार रबी फसल में लगे धान की कटाई करने खेत गए थे। और होनिशा अक्ती तिथि में गुड्डे- गुड्डा का विवाह कार्यक्रम आयोजित कर गर्मी छुट्टी को इंजॉय कर रही थी। इसी दरम्यान उन्हें संदेश आया की उन्होंने 10वीं बोर्ड परीक्षा में पूरे प्रदेश में दूसरे स्थान के साथ टॉप किया है। एक पल के उन्हें विश्वास नहीं रहा। जब उन्हें बधाई देने उनके घर में मोबाइल फोन घांघनाने लगा तब उन्हे यकीन हुआ। अब होनिशा आगे सिविल सेवा को अपना अगला लक्ष्य निर्धारित किया है।

- अपने गांव से 4 किमी दूर सायकल से जाती थी पढ़ने

**रोजाना 7 से 8 घंटे करती थी पढ़ाई-** हरिभूमि से चर्चा में होनिशा ने बताया कि वह रोजाना 7 से 8 घंटे पढ़ाई करती थी। 2 बजे स्कूल का समय रहता था फिर घर आकर शाम 4-5 बजे से पढ़ने बैठ जाती थी। उधर 4 बजे सुबह उनकी दादी पढ़ाई करने उठा देती है। इस उपलब्धि को हासिल करने में उनके परिवार एवं शिक्षको ने बहुत योगदान दिया है। मैने ने इस सफलता को हासिल करने में ट्यूशन का कभी सहारा नहीं लिया है। होनीशा सामान्य परिवार से आती हैं, लेकिन मुश्किल हालात में बेटी और उनके पिता ने हिम्मत नहीं हारी और वह अब छत्तीसगढ़ में सेकंड टॉपर बनी हैं। उन्हें अब भी विश्वास नहीं हो रहा है कि उसने छत्तीसगढ़ में सैकंड रैंक हासिल की है। उन्होंने ने अपनी इस उपलब्धि के लिए अपने माता-पिता, भाई और स्कूल के शिक्षकों को श्रेय दिया है। साथ ही स्कूल के प्रिंसिपल गौरी शंकर और अन्य सभी शिक्षकों को श्रेय देते हुए आभार जताया है।

**दृढ़ संकल्प के साथ पढ़ाई करें सफलता जरूर मिलेगी-** होनिशा ने यह भी बताया कि परीक्षा के पहले से ही घर वालों ने उनका खूब ख्याल रखा। पढ़ाई के अलावा कोई भी काम करने नहीं देते थे। मम्मी-पापा उनके खाने- पीने का विशेष ध्यान रखते थे। होनिशा ने अपने संदेश में कहा कि मन लगा कर दृढ़ संकल्प के साथ हम पढ़ाई करते हैं तो सफलता निश्चित रूप प्राप्त होती है, मेरे सहपाठी से भी अपील करूंगी की आप भी एक गोल बनाकर पढ़े सफलता आपको भी मिलेगी।

**जिले का नाम पूरे प्रदेश में रोशन किया : कलेक्टर-** होनिशा के इस उपलब्धि पर गरियाबंद कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने मोबाईल फोन उन्हें बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने ▸▸ शेष पेज 4 पर

### आईएएस बनना चाहता है राजिम का शौर्य



राजिम। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजिम के कक्षा 10वीं के छात्र शौर्य शुक्ला 97.33% अंक के साथ छत्तीसगढ़ के प्रावीण्य सूची में 9वां स्थान एवं जिला गरियाबंद में द्वितीय स्थान प्राप्त कर जिला एवं नगर सहित विद्यालय का नाम रोशन किया है। शौर्य शुक्ला के पिता रोशन शुक्ला एवं माता लता शुक्ला है। शौर्य शुक्ला ने बताया कि वह नियमित 6-7 घंटे देर रात तक पढ़ाई करता है। अपने इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता एवं विद्यालय परिवार को दिया और बड़ा होकर आईएएस बनना चाहता है। कक्षा दसवीं में कुल 117 में से 117 भैया-बहन उत्तीर्ण हुए। कक्षा बारहवीं में 78 में से 78 भैया बहन उत्तीर्ण हुए। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। दसवीं में प्रथम शौर्य शुक्ला 97.33%, द्वितीय मोनिका साहू 96.17%, तृतीय राहुल ध्रुव 96% रहा, कक्षा दसवीं 117 में 17 भैया बहन 90% अंक प्राप्त किये है। बारहवीं में प्रथम-वेणुकान्त कुर्रे 87.20%, द्वितीय ईशा ध्रुव 86.80%, तृतीय- मोरध्वज साहू 85.80%, अंक प्राप्त किये।



### संसाधन के आभाव में दिव्यांग राकेश ने छोड़ी पढ़ाई



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रसेला

विशेष पिछड़ी भुंजिया जनजाति के लोगों के लिए सरकार और प्रशासन के द्वारा युं तो कई योजनाएं संचालित की जाती है जिससे उनके जीवन स्तर पर सुधार हो। लेकिन अभी भी ग्रामीण अंचलों में बसे भुंजिया जनजातीय के बीच सुविधा व संसाधन की कमी देखने को मिलती है और आज भी यहां सुधार की आवश्यकता महसूस होती है। रसेला से 8 किमी दूर ग्राम पंचायत कोठीगांव के खलियापानी के रहने वाले दिव्यांग राकेश कुमार भुंजिया जो लगभग 15 वर्ष के हैं जो बचपन से दोनों आंखों से दिव्यांग हैं उन्होंने बचपन से पढ़ाई करने की इच्छा जताई तो गांव के प्राथमिक शाला में पढ़ाने वाले एक शिक्षक ने उन्हें पढ़ाई करने में मदद की गांव के प्राथमिक शिक्षा पुरा करने के बाद उन्हें आगे की पढ़ाई करने हेतु कोई संसाधन और सुविधा नहीं मिल पाया जिससे आगे की पढ़ाई नहीं कर पाये। दिव्यांग राकेश कुमार आज भी अपने अनुभव के आधार पर अपनी गांव की गलियों से लेकर खेत तक अकेले जाकर आ जाते हैं गांव की गलियों में अनुभव के हिसाब से साईकिल भी चला लेते हैं। हमनें उनसे मुलाकात कर बात भी की तो उन्होंने बताया कि मेरे आगे भी पढ़ाई करने की इच्छा थी लेकिन मैं वनांचल के एक छोटे से गांव में निवास ▸▸ शेष पेज 4 पर

# मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर, दैनिक सामग्री बरामद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर





गरियाबंद जिले के मैनपुर शोभा थाना क्षेत्र अंतर्गत गरीबा जंगल से लगे ओड़िसा सीमा में पुलिस नक्सली मुठभेड़ की एक बड़ी खबर सामने आई है। जवाबी कार्यवाही में एक पुरुष नक्सली गोली लगने से ढेर हो गया है। बताया जा रहा है कि गरियाबंद जिले से लगे ओडिसा सीमा में गुरुवार को अल सुबह पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। शोभा थाना क्षेत्र के गरीबा के जंगल से लगे सीमा पर नवरंगपुर पुलिस और ओडिसा एसओजी की टीम ने रायघर के अंतर्गत हाथीगांव रिजर्व फारेस्ट जंगल में एक बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस द्वारा जारी प्रेस नोट अनुसार ओड़िसा सीमा के जंगल मे कुछ नक्सलीयों के छिपे होने की सूचना पर पुलिस टीम सर्चिंग ऑपरेशन पर निकली थी कि इस बीच रायघर छत्तीसगढ़ सीमा के जंगल मे छिपे नक्सलियों ने सर्चिंग पाटएँ पर अंधाधुन फायरिंग शुरू कर दिया। जवाबी कार्यवाही में ओड़िसा पुलिस की ओर से भी कई राउंड गोलियां चलने के बाद नक्सली मैदान छोड़ कर छत्तीसगढ़ ▸▸ शेष पेज 4 पर

# अक्ती पर आज होगा पुतरा-पुतरी का विवाह

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजिम



किसानों के लिए प्रमुख त्योहार अक्ति यानी अक्षय तृतीया का त्यौहार आज धूमधाम से मनाया जाएगा। किसानों के लिए यह त्यौहार इसलिए प्रमुख है। क्योंकि इस दिन पूजा पाठ के बाद धान बोवाई की मुहूर्त की जाती है, गांव के बैगा द्वारा ठाकुर देव में किसानों के द्वारा चढ़ाए गए धान की पूजा के बाद विधिवत मुहूर्त अनुसार पूजा पाठ के बाद किसान इस धान को बीज के रूप में अपने खेतों में बुवाई की शुरूआत करते है। यह त्यौहार इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इस दिन विवाह का योग रहता है जिसे आम बोलचाल की भाषा में देव लग्न बोलते हैं। बच्चे इस त्यौहार के लिए पिछले कई दिनों से काफी उत्साहित रहे हैं, 2 दिन पूर्व से ही पुतरा-पुतरी की विवाह की तैयारी में लग गए थे एक दिन पहले अपने आसपास के घरों में निमंत्रण कार्ड बांटे इसके बाद चुलमाटी तेल हल्दी मायन का रश्म की गई। इसके बाद आज अक्षय तृतीया के दिन पुतरा-पुतरी का विवाह की जाएगी, ग्रामीणों में इस त्यौहार को परंपरा अनुरूप मानते हैं।


## पाठक सूचना

गरियाबंद जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

**9993223300, 8370049468**


## स्वावलंबी महिला विकास समिति द्वारा आयोजित समर कैंप का हुआ समापन

# बच्चों ने डांस, आर्ट, क्राफ्ट व थिएटर ड्रामा की दी प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गरियाबंद





स्वावलंबी महिला विकास समिति द्वारा सिविल लाइन स्थित सांकृतिक भवन में में चल रहे 30 दिवसीय समर कैंप का आज समापन हुआ। समर कैंप में बच्चों ने अपनी विलक्षण प्रतिभा का परिचय देते हुए रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। बच्चों ने डांस के साथ-साथ आर्ट एवं क्राफ्ट, थियटर ड्रामा की प्रस्तुति देकर सभी दर्शकों को तालिया बजाने में मजबूर कर दिया। स्वावलंबी महिला विकास समिति द्वारा 1 अप्रैल से सिविल लाइन सांस्कृतिक भवन में बच्चों के मानसिक एवं स्किल डेवलपमेंट के लिए एक माह का क्लास चलाया जा रहा था। जिसमें बच्चों को हरमोनियम, तबला, कैसियों, ढोलक, डांस एवं पेंटिंग सिखाया जा रहा था। संगीत स्ट्यूमेंट शिक्षक श्रीराम संगीत केंद्र राजिम के शिक्षकों द्वारा सिखाया जा रहा गया। वहीं पेंटिंग शुश्री ऐश्वर्या निषाद द्वारा बच्चो को पेंटिंग सिखाया गया, डांस शिक्षिका सारिका माहाडिक द्वारा डांस सीखा गया। समर क्लास में लगभग 70 बच्चों ने भाग लिया।

- स्वस्थ समाज की नींव हमारे नौनिहाल हैं : तनु

बच्चों को संबोधित करते हुये अध्यक्ष ताकेश्वरी तनु साहू ने कहा कि आज के बच्चे देश व कल का भविष्य, बेहतर समाज के निर्माता हैं। छोटे-छोटे बच्चों में प्रतिभा कूट-कूटकर भरी हुई है। कैंप का उद्देश्य बच्चों को तकनीकी वातावरण से दूर एक संपूर्ण मानसिक एवं शारीरिक विकास कराना था। विश्व वैश्वीकरण के इस युग में आज बच्चों में तकनीकी ▸▸ शेष पेज 4 पर


NEET एवं JEE एक जूनून है और GOAL इसकी शुरुआत!

GOAL®
Educational Services Pvt. Ltd.
Nation's Leading Institute

छ.ग. के छात्रों एवं अभिभावकों के बीच सर्वाधिक लोकप्रिय एवं विश्वसनीय संस्थान : GOAL

Congratulations...
to all the Students
Passed in 10th & 12th Chhattisgarh Board
Best Wishes for Future Journey...

50% छात्रवृत्ति
12th छ.ग. बोर्ड परीक्षा परिणाम में आये प्रथम 10 विद्यार्थियों के लिए।

DROPPER BATCH NEET / JEE
& 9th | 10th | 11th | 12th Admission Open...
1st Batch - 17th May / 2nd Batch - 24th May

BHILAI: 166, NEW CIVIC CENTRE, PH- 0788-4013502, 7415884100
BHILAI: GOAL GENIUS CAMPUS, RISALI, PH- 0788-4040300, 7772060999
BHILAI: 139, ZONAL MARKET, SECTOR-10, PH- 9826943595, 0788-4064100
RAIPUR: BESIDE VIDYA HOSPITAL, SHANKAR NAGAR, PH- 0771-4060711

# अंडरग्राउंड बिजली केबलिंग ने बिगाड़ा फायबर नेट का सिस्टम, उपभोक्ताओं की बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

राजधानी रायपुर में अंडरग्राउंड बिजली केबिलंग का काम चल रहा है, जिसके कारण विद्युत खंभों को हटाया जा रहा है। जिन खंभों को हटाया जा रहा है, उनमें विभिन्न कंपनियों के फायबर नेट केबल भी लगे हुए हैं। इन खंभों को हटाने के दौरान फायबर नेट केबलिंग को भी हटाया जा रहा है, जिसके कारण लाखेनगर, पुरानी बस्ती सहित आसपास के इलाकों के 100 से अधिक घरों में लगे जियो फायबर नेट की सेवा ही पिछले सप्ताहभर से ठप है।

हरिभूमि सरोकार

स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने शहर में विद्युत खंभों को हटाकर केबल को अंडरग्राउंड कराने का काम कराया जा रहा है। इसके तहत केबल बिछाने के लिए खुदाई करने का काम नगर निगम को सौंपा गया है, वहीं खुदाई के बाद केबल बिछाने और विद्युत खंभों को हटाने का काम बिजली विभाग कर रहा है। विद्युत खंभों में जियो सहित अन्य कंपनियों के फायबर नेट केबल भी लगे हुए हैं। खंभों को हटाने के दौरान नेट केबल को भी हटाया जा रहा है, जिसके कारण जियो का फायबर नेट केबल क्षतिग्रस्त हो रहा है।

पुरानी बस्ती से लाखेनगर में भी विद्युत खंभों को हटाने का काम चल रहा है। इसके कारण यहां खंभों में लगी जियो के फायबर नेट केबल को काटकर हटा दिया गया, जिसके कारण इस क्षेत्र के लगभग 100 घरों में पिछले सप्ताहभर से जियो फायबर नेट ही बंद पड़ा है, जिसके कारण इसकी सेवा ले रहे उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ी हुई है। नेट नहीं होने के कारण मोबाइल और एलईडी टीवी का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं।

## लाखेनगर-पुरानी बस्ती क्षेत्र के लगभग 100 घरों में जियो फायबर नेट की सेवा ठप


फाइल फोटो

- खुदाई के बाद केबल बिछाने और विद्युत खंभों को हटाने का काम बिजली विभाग कर रहा
- नेट नहीं होने के कारण मोबाइल और एलईडी टीवी का उपयोग नहीं कर पा रहे

### नगर निगम से की है शिकायत

अंडरग्राउंड केबलिंग के कारण विद्युत खंभों को हटाया जा रहा है। इसके कारण क्षेत्र में फायबर नेट की समस्या आ रही है। इस संबंध में नगर निगम से शिकायत की गई है।
- **जीतेंद्र अग्रवाल**, पार्षद, महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड

### डीडीनगर में भी 3 दिन से सेवा बंद

शहर के डीडी नगर क्षेत्र के सेक्टर-1 में पिछले 3 दिन से जियो फायबर नेट की सेवा बंद है, जिसके कारण इस क्षेत्र के रहवासी भी नेट चालू नहीं होने से परेशान है। बताया जा रहा है कि इस क्षेत्र में एक विद्युत खंभे में आग लगी थी। इस खंभे में जियो फायबर नेट की केबल भी लगी हुई है। संभवतः इस आग के कारण ही जियो फायबर केबल जल गई है, जिसके कारण इसकी सेवा भी ठप है।

## खबर संक्षेप



### वन बंधु महिला समिति की बैठक में आगामी कार्यों पर हुई चर्चा

**रायपुर।** राजधानी रायपुर स्थित एकल कार्यालय में बुधवार को वन बंधु परिषद महिला समिति की बैठक हुई। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने अप्रैल माह में किए गए सेवा कार्यों की समीक्षा के साथ ही आगामी कार्यक्रमों की रणनीति तय की गई। इसी दौरान मीडिया प्रभारी कविता राठी ने बताया कि 5 से 7 अप्रैल को कोलकाता में आयोजित युवा सम्मेलन और पूर्वी क्षेत्र की बैठक में कांता सिंघानिया सहित 3 सदस्यों ने भाग लिया था, वही रायपुर महिला समिति ने पूर्वी क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ संक्रांति संग्रह का दूसरा पुरस्कार कोलकत्ता में जीता। श्रीमती राठी ने बताया कि समिति की सदस्यों द्वारा 23 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया, जहां हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। बैठक में अंजली तापड़िया ने कार्यक्रम की रिपोर्टिंग के तरीके को समझाते हुए नए सदस्यों को पंचमुखी शिक्षा की प्रस्तुति के साथ विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान सरिता रेखानी, अनिता खंडेलवाल, शताब्दी पांडेय, शशि बागड़ी, मीना अग्रवाल, सविता गुप्ता, सुधा शर्मा, डा. रेणुका शर्मा, मधु सिंघी, पूजा छाबड़ा, मधु मित्तल, पुष्पा साहू, आरती अग्रवाल, संध्या गुप्ता, रीता चोपड़ा, कल्पना खंडेलवाल मौजूद रहीं।

### शुरू नहीं हो पाया आक्सीजन प्लांट

**रायपुर।** कोरोना काल के दौरान पीएम केयर से मिले फंड से डीके अस्पताल के लिए लगाए गए लिक्विड आक्सीजन का प्लांट का काम अब तक शुरु नहीं हो पाया है। इस प्लांट की मदद से अस्पताल में भर्ती मरीजों को आवश्यक होने पर आक्सीजन सप्लाई की सुविधा मिल पाती। प्लांट बनाने के बाद इसकी गैस की सप्लाई अस्पताल परिसर तक करने के लिए पाइप लाइन बिछाने का काम भी पूरा किया जा चुका है। अस्पताल सूत्रों के अनुसार प्लांट की शुरुआत करने के लिए कुछ अनुमति प्रक्रिया पूरी करनी पड़ती है जिसका काम अधूरा पड़ा है जिसकी वजह से प्लांट अभी भी शो-पीस बना हुआ है।

### आचार संहिता के बाद ई-लाइब्रेरी शुरू होने के आसार

**रायपुर।** शासकीय डेंटल कालेज के छात्रों को ई-लाइब्रेरी की सुविधा आचार संहिता के बाद मिलने की संभावना बढ़ गई है। संजीवनी एक्सप्रेस का संचालन करने वाली पुरानी कंपनी से भवन वापस मिलने के बाद अस्पताल प्रबंधन ने इस ओर अपना ध्यान देने शुरु किया था। लाइब्रेरी निर्माण के लिए अस्पताल द्वारा गठित कमेटी द्वारा विभिन्न बढ़े शिक्षण संस्थानों का निरीक्षण किया था। करीब दस करोड़ की लागत से बनने वाले इस लाइब्रेरी का प्रस्ताव शासन स्तर पर भेजा जा चुका था जिस पर किसी तरह का फैसला होने से पहले आचार संहिता लागू हो गया था।

## शिकायत के बाद भी विभाग ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की

# चिखली खदान में बड़ी चेन माउंटेन मशीनों से दिन-रात किया जा रहा रेत का अवैध उत्खनन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

खास खबर

रायपुर जिले के आरंग क्षेत्र स्थित चिखली रेत खदान में रेत माफिया दिन-रात रेत का अवैध उत्खनन व परिवहन करा रहे हैं। इसके लिए खदान में बड़ी चेन माउंटेन मशीनें लगाकर बहुत कम समय में हाईवा गाड़ियों में रेत की लोडिंग कराकर परिवहन किया जा रहा है। खदान में चल रहे इस अवैध उत्खनन का लाइव वीडियो बनाते हुए छत्तीसगढ़ हाईवा परिवहन संघ ने खनिज विभाग से शिकायत भी की है, लेकिन इस शिकायत के बावजूद खदान में चल रहे अवैध उत्खनन को रोकने के लिए विभाग ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है। इसके कारण खदान में रेत माफिया के लोग बेखौफ होकर रेत का उत्खनन व परिवहन कर रहे हैं।

### वीडियो में चेन माउंटेन मशीन से हाइवा में रेत लोडिंग करते लोग भी दिख रहे

छत्तीसगढ़ हाईवा परिवहन संघ के पदाधिकारियों ने चिखली रेत खदान में चल रहे अवैध रेत का उत्खनन का विडियो बनाया है। इस विडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि कुछ लोग नदी किनारे से चेन माउंटेन मशीन से रेत का उत्खनन कर हाईवा में लोडिंग कर रहे हैं। यह विडियो रात में बनाया गया है। इस विडियो में 5-6 चेन माउंटेन मशीनों के साथ आधा दर्जन से अधिक हाईवा गाड़ियां दिखाई दे रही हैं, जिसमें रेत भरी जा रही है। संघ के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने बताया कि इसकी शिकायत वे खनिज विभाग के अधिकारियों व इंस्पेक्टरों से कर चुके हैं, लेकिन अब तक इसमें कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

*रेत माफिया को संरक्षण प्राप्त : विनोद अग्रवाल ने कहा है कि शिकायत के बाद भी रेत माफिया के विरुद्ध कार्रवाई नहीं की जा रही है। इससे स्पष्ट है कि रेत माफिया को किसी ऐसे व्यक्ति का संरक्षण प्राप्त है, जिसकी पकड़ विभाग के अधिकारियों तक है, इसलिए शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं की जा रही है।*



### 13 में 4 को एनओसी, वहां भी नियम विरुद्ध लोडिंग

सूत्रों के अनुसार रायपुर जिले में 13 रेत खदानों में अब तक 4 खदानों को ही सीआ से एनओसी मिल पाई है। इनमें कुरुद, हल्दीडीह, पारागांव एवं कुम्हारी में एक-एक खदान है। इन खदानों में भी नियम विरुद्ध तरीके से चेन माउंटेन मशीनों से ही रेत की लोडिंग कराई जा रही है।

### एनओसी के बिना जारी खदान में उत्खनन

सूत्रों के अनुसार चिखली रेत खदान को सीआ से रायल्टी पर्ची पर उत्खनन करने की एनओसी नहीं मिल पाई है। इसके बाद भी खदान में रेत का उत्खनन व परिवहन किया जा रहा है। एनजीटी की गाइड लाइन के अनुसार एनओसी मिलने के बाद भी खदान में रेत की लोडिंग मजदूरों के जरिए कराया जाना है, लेकिन ठेकेदार चेन माउंटेन मशीन से लोडिंग करा रहे हैं।

### शिकायत मिली है तो कार्रवाई कराएंगे

चिखली खदान में अवैध रेत उत्खनन-परिवहन किए जाने की शिकायत आई है, तो इस पर कार्रवाई कराएंगे।
- **गौरव सिंह,** कलेक्टर रायपुर

# 6 माह में अनेक प्रकरणों में रिकॉर्ड कार्रवाई की : मेश्राम

**छुरा।** प्रवीण भारती उप पुलिस अधीक्षक छुरा को उनके 6 माह की परिविक्षाधीन कार्यकाल की समाप्ति पर थाना छुरा के समस्त स्टाफ द्वारा समारोह पूर्वक विदाई दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जितेंद्र चंद्राकर एएसपी जिला गरियाबंद मंचासीन रहे। सर्व प्रथम प्रवीण भारती उप पुलिस अधीक्षक के स्वागत के साथ-साथ सभी अतिथियों का स्वागत सम्मान थाना छुरा के अधिकारियों द्वारा किया गया। तत्पश्चात स्वागत उद्बोधन दिलीप मेश्राम वर्तमान थाना प्रभारी ने प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि प्रवीण भारती के द्वारा 6 माह में अनेक प्रकरणों में रिकॉर्ड कार्यवाही किया गया है। जो कम समय में उपलब्धि पूर्ण रहा है। इस कार्य के लिए वर्तमान थाना प्रभारी दिलीप मेश्राम ने प्रशंसा की। प्रवीण भारती ने कहा कि उनके कार्यकाल में छुरा के वरिष्ठ नागरिकों एवं जनता का विशेष सहयोग मिला जिसके कारण विभिन्न कार्य सफलता पूर्ण पूरा हुआ। जिस के लिए छुरा क्षेत्र की जनता का आभार माना। मुख्य अतिथि जितेंद्र चंद्राकर एएसपी ने प्रवीण भारती के द्वारा किए गए कार्य एवं उनके उपलब्धि के बारे में बताते हुए कहा की भारती जी ने थाना छुरा में रहते हुए अनेक अपराधीक एवं मादक पदार्थ के धर पकड़ कर कड़ी से कड़ी कार्यवाही किया। जिसके कारण विभिन्न अपराधों को रोकने में बहुत ही असरदार साबित हुआ है। इस कार्य के लिए भारती जी की कार्य की सराहना किया।



नथमल शर्मा वरिष्ठ नागरिक छुरा ने अपने उद्बोधन में कहा की भारती का व्यक्तित्व बहुत ही सरल स्वभाव एवं मधुर व्यवहार रहा है। उन्होंने कभी भी जवानी के जोश और खांकी के खौफ को जनता के सामने प्रदर्शित नहीं किया अपितु बहुत ही पारदर्शिता पूर्ण कार्य करते हुए उन्होंने अनेक प्रकरणों में कार्यवाही किया और छुरा नगर में शांति व्यवस्था बनाने में अहम भूमिका निभाया जिनके लिए छुरा की जनता उन्हें हमेशा याद करते रहेंगे। गोपाल वैश्य एसडीओपी ने कहा कि लोक सभा चुनाव और विधान सभा चुनाव चुनौती पूर्ण कार्य रहा है। जिसको प्रवीण भारती ने छुरा क्षेत्र में बहुत ही शांति पूर्ण संपन्न कराने में अहम भूमिका निभाया जिसके लिए वैश्य ने बधाई दिया। देव सिंह रात्रे, इस्माइल मेमन, सतरूपा साहू तहसीलदार ने भी प्रवीण भारती के कार्यों की प्रशंसा करते हुए सराहना किया। कार्यक्रम का संचालन देवनारायण यद्‌, संतराम कंवर ने किया।



### होनिशा को जनप्रतिनिधियों एवं हिंदू संगठनों ने दी बधाई

**फिंगेश्वर।** ग्राम भेंडरी के निवासी होनिशा साहू ने कक्षा 10वीं बोर्ड की परीक्षा में 98.83 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रावीण्य सूची में सम्पूर्ण प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली सरस्वती शिशु मंदिर कोपरा की छात्रा है। मेहनत एवं लगन से पढ़ने वाली होनिशा साहू ने पूरे जिले का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धी पर जनपन सदस्य दीपक साहू ने मुलाकात कर उन्हे मुंह मीठा कराया। एवं पुस्तक प्रदान कर सम्मानित किया एवं बधाई दी। वहीं पर जिले में उपस्थित विश्व हिंदू परिषद, बजरंगदल, मातृशक्ति एवं दुर्गा वाहिनी की कार्यकर्ताओं ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### बाल विवाह रोकने सरपंच व सचिवों को किया अलर्ट

**फिंगेश्वर।** जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास विभाग ने मार्गदर्शन में फिंगेश्वर–राजिम अनुविभाग बाल संरक्षण टीम ने अक्षय तृतीया में बाल विवाह होने की संभावना को देखते हुए बाल विवाह की रोकथाम के लिए तैयारी शुरू कर दी है ताकि क्षेत्रन्तर्गत अंतर्गत कहीं भी बाल विवाह ना हो सके। इसके लिए हर ग्राम पंचायत के सरपंच एवं सचिव को फोन करके सूचित कर दिया है कि उनके गांव में कोई भी बाल विवाह ना होने पाए अगर ऐसे किसी द्वारा किया जाता तो तत्काल बाल विवाह रोकते हुए उसकी सूचना कार्यालय को प्रदान करें।
फिंगेश्वर–राजिम अनुविभाग की एसडीएम अर्पिता पाठक ने कहा कि ग्राम में कोटवारों से मुनादी कराया गया है।महिला समूह एवं किशोरी बालिकाओं का समूह बनाया गया है ताकि उनकी या सहेलियों का विवाह नाबालिक अवस्था में हो तो वे सब तत्काल सूचित करें।इसके साथ ही परियोजना अधिकारी,आंगनबाड़ी कार्यकर्ता,संबंधित गांव के पुलिस थाना प्रभारी, सुपरवाइजर,चाइल्ड लाइन टीम सभी को सतर्क कर दिया गया है।एसडीएम अर्पिता पाठक ने बताया कि वैसे तो जिला बाल संरक्षण टीम सूचना प्राप्त होने पर बाल विवाह हमेशा रोकते आ रही है परंतु रामनवमीं एवं अक्षय तृतीया पर विशेष अभियान चलाया जाता है जिसके लिए सूचना तंत्र को मजबूत कर दिया गया है एवं सभी गांवो में टीम बनाकर सतर्क कर दिया गया है।

### महिलाओं ने उत्साह के साथ किया मतदान



**वापारा-राजिम।** वार्ड नं 12 की महिलाएं एकजूट होकर न केवल वोट डालने पहुंची। बल्कि आस पड़ोस की महिलाओं को भी वोट डालने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके अलावा इन्होने वोट डालने के बाद अपने उंगलियों में लगे स्याही के निशान को भी फोटोग्राफ के रूप में सुरक्षित किया। इनके साथ मुहल्ले के भारत सोनकर, दीपक निषाद, रमन सोनकर, तरूण यादव,लोचन सोनकर, हितेश सोनकर, केशव सोनकर थे जो लोगो को वोट डालने के लिए मतदान केंद्र तक भेजते रहे।

### न्यायाधीश का वर्ग-1 में हुआ प्रमोशन



**राजिम।** उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा व्यवहार न्यायालयों के न्यायाधीश के प्रमोशन लिस्ट में राजिम के न्यायाधीश सचिन पाल टोप्पो का व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2 से व्यवहार न्यायाधीश वर्ग- 1 में प्रमोशन हुआ है और उसे राजिम में ही पद स्थापना दिया गया है। राजिम के न्यायाधीश सचिन पाल टोप्पो के प्रमोशन होने पर राजिम अधिवक्ता संघ के द्वारा व्यवहार न्यायालय के अधिवक्ता कक्ष में कार्यकम आयोजित कर न्यायाधीश को बधाई देकर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्जवल भविष्य के लिए कामना की गई। बधाई देने वालों में राजिम अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष टीकम साहू, संरक्षक महेश यादव, संरक्षक रमाकांत दीवान अरविंद शर्मा उपाध्यक्ष, सचिव रामनारायण साहू, अनुशासन कुमार साहू, महेंद्र सोनी, हेमराज साहू हिमांशु दुबे, केके वर्मा, लोकेश साहू, घनश्याम साहू कोषाध्यक्ष, एवन साहू, गणेशुराम साहू, बृजभान ठाकुर राजेश ठाकुर, मुरारी साहू, हसन साहू, हेमंत पटले, खिलेश साहू, रागिनी सोनी, प्रियंका शामिल थे।

## पेज 3 के शेष...

### रोज 8 किलोमीटर ...

होनिशा की इस उपलब्धि पर कहा कि होनिशा ने निश्चित तौर गरियाबंद जिले का नाम पूरे प्रदेश में रोशन किया है। होनिशा के सफलता मिलने पर उनके घर में बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। बधाई देने वालों में जनपद पंचायत उपाध्यक्ष योगेश साहू प्रधानाचार्य गौरी शंकर स्कूल प्रबंधन समिति के कमलेश साहू, धनंजय साहू, नोगेश्वर साहू, गिरधर साहू, पत्रकार गोरेलाल सिन्हा प्रमुख हैं।

### संसाधन के आभाव...

करता हूं और संसाधन व सुविधा के आभाव में पढ़ाई अधुरा छोड़ना पड़ा। हालांकि आज उन्हें शासन की ओर से पेंशन तो मिलता है लेकिन उनका दिव्यांग होने के चलते अलग से राशनकार्ड नहीं बन पाया है और न ही प्रशासन के द्वारा उन्हें कम से कम गांव के आस पास आने जाने हेतु किसी प्रकार की कोई सुविधा उपलब्ध हो पाया है। अभी फिलहाल अपने मां बाप के साथ रहकर उनका जीवन यापन होता है।जब हमने उनकी मां से बात की तो उन्होंने बताया अभी तो हम जिवित हैं तो हम इनकी देखभाल पालन पोषण कर रहे हैं और हमारे नहीं रहने के बाद इनका क्या होगा ये सोच के हम चिंतित हो जाते हैं अगर इनके लायक कोई प्रशासनिक मदद मिले तो इनके आगे भविष्य के लिए हम सोच पाते हम पढ़े लिखे नहीं हैं जानकारी के आभाव में हम इनके लिए आगे क्या क्या करें ये समझ नहीं पा रहे हैं।

### मुठभेड़ में एक...

की सीमा की ओर भाग गए। पुलिस नक्सल मुठभेड़ में गोली लगने पर एक नक्सली ढेर हो गया। ओड़िसा पुलिस की टीम ने मौके से एक नक्सली का शव दैनिक उपयोगी और विस्फोटक सामान भी बरामद किया है। पुलिस द्वारा सीमावर्त क्षेत्र में लगातार सर्चिंग जारी है। उक्त संबंध में चरण सिंह मीणा डीआईजी कोरापुट ओडिसा द्वारा प्रेस विज्ञप्ति भी जारी कर घटना की पुष्टि की गयी है।

### बच्चों ने डांस, आर्ट...

विकास की असीम संभावनाएं हैं, लेकिन उन्हें इसके साथ-साथ शारीरिक प्रशिक्षण भी आवश्यक है। जिससे वे मानसिक तनाव को सहन करने और शरीर को स्वस्थ रखने की क्षमता विकसित कर सकें, अध्यक्ष तनु साहू ने समर कैंप की सफलता पर स्वावलंबी महिला विकास परिवार को शुभकामनाएं दीं और बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना दी। समापन कार्यक्रम में मुख्य रूप से यूनिसेफ जिला संयोजिका चित्रा साहू उपस्थिति थी। कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष ताकेश्वरी तनु साहू, प्रीती मिश्रा, नेहा जॉन, सारिका महाडिक, धानी मानिकपुरी, गुलेश्वरी ठाकुर, मुक्ती देवांगन, पुनिता साहू, पद्मनी साहू, प्राची कुटारे, प्रतिभा हुमने, साक्षी कुटारे, मंजू चानपे, मीता, सुषमा सिन्हा, रेणुका साहू, कोमल सोनतेक, मेघा सुखदेवे, बया मैम, आम्रपाली फूलझेले, ललिता साहू, अनीता देवांगन, मोनिका साहू, मंजू दुबे, गीतांजलि कवर, उपस्थित थे।

## हरिभूमि पाठक पुरस्कार योजना 2023 के प्रतिभागीयों के नाम

**सांत्वना पुरस्कार** मोहन लाल साहू पिता/पति स्व. दुखुराम साहू, करकरा रानिपरतेवा जिला गरियाबंद, संतोष कुमार निषाद पिता/पति इतवारी राम निषाद, वार्ड 14 फिंगेश्वर जिला गरियाबंद, टुकेश्वर चंद्राकर पिता/पति स्व. कन्हैयालाल चंद्राकर, सन्नी ऑटो सेंटर गरियाबंद जिला गरियाबंद, योगेश्वर सिंह निषाद पिता/पति रामचरण निषाद, कुकदा पांडुका जिला गरियाबंद, तुलसी बाई ध्रुव पिता/पति तेजराम ध्रुव, कोरासी छुरा जिला गरियाबंद, ममता वर्मा पिता/पति कालू राम वर्मा, बोरसी फिंगेश्वर जिला गरियाबंद, दिनेश कुमार साहू पिता/पति दुलार राम साहू, कोटकर राजिम जिला गरियाबंद, लक्ष्मण कुमार ध्रुव पिता/पति तेजराम ध्रुव, कोरासी छुरा जिला गरियाबंद, विनोद कुमार पटेल पिता/पति स्व. नरोत्तम राम पटेल, कुरुसकेरा जिला गरियाबंद, सेंदुरसाय बघेल पिता/पति स्व. विसहत बघेल, पतोरा परसदाकला जिला गरियाबंद, गेंदलाल पटेल पिता/पति रामलाल पटेल, केसकर थाना छुरा जिला गरियाबंद, चंदुलाल सिन्हा पिता/पति मंगलू राम सिन्हा, रानिपरतेवा जिला गरियाबंद, तुलूराम निर्मलकर पिता/पति कमल राम निर्मलकर, बारुला बेलर फिंगेश्वर जिला गरियाबंद, अर्जुन साहू पिता/पति स्व. राधेश्याम साहू, देवरी थाना राजिम जिला गरियाबंद, कोमलचंद साहू पिता/पति कुंजलाल साहू, लोहरसी राजिम जिला गरियाबंद, मायाराम साहू पिता/पति स्व. रेवाराम साहू, खुटेरी फिंगेश्वर जिला गरियाबंद, गेंदराम साहू पिता/पति अमरुराम साहू, कौन्द्केरा फिंगेश्वर जिला गरियाबंद, महेश राम साहू पिता/पति भूखन लाल साहू, पतोरा बेलर जिला गरियाबंद, जुगराम दास मानिकपुरी पिता/पति जीवनराम दास मानिकपुरी, देवरी फिंगेश्वर जिला गरियाबंद, उषा मरावी पिता/पति हेमनाथ सिदार, गरियाबंद जिला गरियाबंद, नरेन्द्र कुमार ध्रुव पिता/पति महेश राम ध्रुव, रवेली जिला गरियाबंद, रमणीक साहू पिता/पति चतुरलाल साहू, बेलर फिंगेश्वर जिला गरियाबंद, होरीलाल सिन्हा पिता/पति स्व. फग्राम सिन्हा, छुईहा फिंगेश्वर जिला गरियाबंद, सरिता वर्मा पिता/पति चितरंजन कुमार वर्मा, धूमा बरोंडा जिला गरियाबंद, दिलीप कुमार साहू पिता/पति नारद राम साहू, पांडुका छुरा जिला गरियाबंद, नरेन्द्र साहू पिता/पति बिसरू राम साहू, चैतरा फिंगेश्वर जिला गरियाबंद, हेमनाथ सिदार पिता/पति चंडी प्रसाद सिदार, गरियाबंद जिला गरियाबंद, जोगी राम ध्रुव पिता/पति स्व. शिवनाथ सिंह ध्रुव, राजापारा छुरा जिला गरियाबंद, एवन कुमार पिता/पति रमन लाल, परतेवा देवरी जिला गरियाबंद, जीवनला साहू पिता/पति माखन लाल साहू, रानिपरतेवा छुरा जिला गरियाबंद, खूबचंद सिन्हा पिता/पति रामलखन सिन्हा, खड्मा छुरा जिला गरियाबंद, परमेश्वर ध्रुव पिता/पति बलिराम ध्रुव, सारागांव जिला गरियाबंद, केशुराम ध्रुव पिता/पति हरी राम ध्रुव, टेंगनबासा थाना छुरा जिला गरियाबंद, भागवत प्रसाद साहू पिता/पति बरसान साहू, छुरा जिला गरियाबंद, नागेश्वर तारक पिता/पति सुदर्शन लाल तारक, तर्रा सुरसाबांधा जिला गरियाबंद, कमल नारायण सिन्हा पिता/पति स्व. राम प्रसाद सिन्हा, कोपरा जिला गरियाबंद, भानुप्रताप ध्रुव पिता/पति दुर्जन सिंह ध्रुव, कोरासी छुरा जिला गरियाबंद, भुनेश्वरी साहू पिता/पति ओमप्रकाश साहू, बाकली राजीम जिला गरियाबंद, छाया साहू पिता/पति ओमप्रकाश साहू, बाकली राजीम जिला गरियाबंद, प्रदीप कुमार साहू पिता/पति स्व. टिका राम साहू, रांवड राजीम जिला गरियाबंद, दीपक मानिकपुरी पिता/पति कृष्णा दास, धमनी राजीम जिला गरियाबंद, द्रोपती यादव पिता/पति मोहन लाल यादव, वार्ड न. 14 शंकर नगर राजीम जिला गरियाबंद, मनोज सेन पिता/पति सेवक राम सेन, बिजली ऑफिस के पास नवापारा जिला गरियाबंद, पुरुषोतम लाल साहू पिता/पति फिरंता राम साहू, सोंढ सुन्दरकेरा जिला गरियाबंद, कोमल चक्रधारी पिता/पति भूखन लाल चक्रधारी, कुम्हारपारा वार्ड 12 नवापारा राजीम जिला गरियाबंद, छानू लाल साहू पिता/पति केशव राम साहू, गाँव बेलटूकरी राजीम जिला गरियाबंद, नरेन्द्र कुमार देवांगन पिता/पति तीजूराम देवांगन, वार्ड न.-12 ब्राम्हणपारा जिला गरियाबंद, खोयेंद्र साहू पिता/पति खिलावन राम साहू, चंदना जिला गरियाबंद, डुमन सिंह दीवान पिता/पति स्व. कार्तिक राम दीवान, कुशल बिहार कॉलोनी नवापारा गोबरा जिला गरियाबंद, गजानंद पिता/पति मोहन लाल, पेशनर भवन न्यू तालाब नवापारा राजीम जिला गरियाबंद, संतोष कुमार साहू पिता/पति गंगाराम साहू, वार्ड न. 17 संघर्ष चौक नवापारा जिला गरियाबंद, टीकमचंद साहू पिता/पति देवनारायण साहू, बाकली राजीम जिला गरियाबंद, द्रोपती साहू पिता/पति स्व. चंद्रभान साहू, विनायक नगर वार्ड जिला गरियाबंद।

Health Town
डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD| मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक|
इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
Maa Ad.
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1,गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा

मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना। प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक
जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

**खबर संक्षेप**

## विवाह के लिए अक्षय तृतीया शुभ मुहूर्तः पण्डित ब्रह्मदत्त

**नवापारा-राजिम।** पण्डित ब्रह्मदत्त शर्मा ने कहा कि अक्षय तृतीया को चिरंजीवी तिथि कहते हैं, आज भगवान परशुरामजी का प्राकट्य उत्सव है आम जन मानस में यह जिज्ञासा है कि आज विवाह



का मुहूर्त है या नही, क्योंकि गुरु एवं शुक्र का तारा अस्त है और शादी विवाह आदि मांगलिक कार्यों पर 3 जुलाई तक विराम लगा हुआ है। पंडित जी ने इस विषय पर कहा कि यद्यपि ज्योतिष की दृष्टि से मुहूर्त नही बनता किंतु अक्षय तृतीया को देव लग्न माना गया है, यह साल में आने वाले साढ़े चार मुहूर्तों में से एक हैं, जो कि अबूझ और स्वयं सिद्ध माने गए हैं इसलिए आज विवाह के लिए यह मुहूर्त प्रशस्त है। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी व्यक्ति विशेष के लिए किसी कार्य प्रयोजन की सिद्धि व सफलता के लिए मुहूर्त शोधन किया जाता है, एक मुहूर्त दो घटी अर्थात 48 मिनट का होता है पंचांग के 5 अवयव तिथि, वार, योग, करण व नक्षत्र की अनुकूलता से लग्न शुद्धि की जाती है, वर का सूर्य, कन्या का गुरु एवं दोनों का चंद्र बल देखकर मुहूर्त निकाला जाता है, किंतु आज देव लग्न में यह सब करने की जरूरत नहीं है ।

**समस्या : भीषण गर्मी में बिजली बंद हो जाने से जन जीवन अस्त-व्यस्त**

# सबस्टेशन में तार टूटने व आग लगने से 6 घंटे से बिजली बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर बिजली सबस्टेशन में गुरूवार शाम 04 बजे के आसपास बिजली के तार टुटने और बिजली उपकरण के ब्लॉस्ट होने से मैनपुर नगर सहित क्षेत्र के दो दर्जन से ज्यादा गांव में बिजली बंद हो गया है, इस भीषण गर्मी में बिजली बंद हो जाने से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है और लोग बेचैन हो गये है। बिजली व्यवस्था में कब तक सुधार हो पायेगी यह बताने वाला कोई नहीं है। बिजली विभाग के स्थानीय अधिकारी का मोबाईल बंद है। नगर सहित क्षेत्र के लोगों में भारी नराजगी देखने को मिल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार इस भीशण गर्मी के दिनों में तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर सहित क्षेत्र के लोगों को लगातार लचर बिजली व्यवस्था के कारण भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं। आये दिनों किसी भी समय मैनपुर क्षेत्र में बिजली बंद हो जाना आम बात हो गई है, और बिजली व्यवस्था के मामले में ग्रामीणों को उनके हाल पर छोड़ दिया गया है, खासकर इस भीषण गर्मी के दिनों में बिजली के लचर व्यवस्था से लोगों को भारी तकलीफों का सामना करना पड़ रहा है। पंखा, कुलर, ऐसी नहीं चल पाने के कारण जहां एक ओर छोटे-छोटे बच्चे बेचैन हो जा रहे हैं, वहीं उम्र दराज बुजूर्ग लोग पसीने से तर बतर हो रहे हैं, सबसे ज्यादा खराब स्थिति बीमारों की है, लगातार बिजली की आंख मिचौली और लो वोल्टेज के कारण मोटर पंप नहीं चल पाने के कारण पेयजल के लिए भी लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

**गर्मी में लोगों का हाल-बेहाल**



### जल्द बिजली व्यवस्था में होगा सुधार

बिजली विभाग गरियाबंद के अधिकारी अतुल कुमार ने बताया कि मैनपुर बिजली स्टेशन में बिजली के तार टुटने और बैटरी में खराबी आने के कारण बिजली बंद हो गई है। गरियाबंद से जरूरी उपकरण भेजा जा चुका है, जल्द बिजली व्यवस्था में सुधार करने का प्रयास किया जा रहा है ।

# आत्मानंद स्कूल राजिम में प्रवेश हेतु लॉटरी कल

**राजिम।** कलेक्टर दीपक अग्रवाल एवं जिला शिक्षा अधिकारी एके सारस्वत के निर्देश पर नगर के प्रतिष्ठित स्कूल शासकीय राम बिशाल पाण्डेय उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम स्वामी आत्मानंद स्कूल राजिम के हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम की विभिन्न कक्षाओं में प्रवेश के लिए लॉटरी प्रक्रिया 11 मई शनिवार को पूर्ण की जाएगी। अंग्रेजी माध्यम की लॉटरी प्रक्रिया प्रातः 8:30 बजे एवं हिन्दी माध्यम की लॉटरी प्रक्रिया प्रातः 10:30 बजे प्रारंभ होगी। प्रवेश प्रक्रिया के कोऑर्डिनेटर संतोष सूर्यवंशी ने जानकारी दी कि हिंदी माध्यम के कक्षा नवमी में निर्धारित 50 रिक्त सीट के विरुद्ध 90 आवेदन एवं अंग्रेजी माध्यम के कक्षा पहली में निर्धारित 50 रिक्त सीट के विरुद्ध 132 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिनमें से 5 आवेदन अपात्र हैं। चूंकि इन दोनों कक्षाओं में रिक्त सीटों के विरुद्ध अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं अतः इन कक्षाओं में प्रवेश के लिए लाटरी पद्धति अपनाई जाएगी। लॉटरी प्रक्रिया में उन्हीं आवेदनों को शामिल किए जाएंगे जो अभ्यर्थी पात्र है। कक्षा नवमी हिन्दी मीडियम में प्रवेश के लिए वे विद्यार्थी ही पात्र होंगे जो सत्र 2023-24 में कक्षा आठवीं की वार्षिक परीक्षा में बैठते हुए न्यूनतम सी ग्रेड अथवा 40% प्राप्त करते हुए उत्तीर्ण हुए हों। इसी प्रकार अंग्रेजी माध्यम की कक्षा पहली में प्रवेश हेतु बच्चों की उम्र 31 मई 2024 की स्थिति में साढे 5 साल 6 माह से 6 साल 6माह के मध्य होना अनिवार्य है। दोनों ही कक्षाओं में नियमानुसार 50% सीट बालिकाओं के लिए एवं 25% सीट गरीबी रेखा वाले बच्चों के लिए आरक्षित की गई है। इसके अलावा शासन की महतारी दुलार योजना अंतर्गत ऐसे बच्चों को प्रवेश की पात्रता होगी जिनके माता या पिता की



मृत्यु कोविड के प्रभाव के कारण हो गई है। लाटरी पद्धति से चयन होने के पश्चात विद्यार्थियों द्वारा ऑन लाइन, ऑफलाइन आवेदन की हार्ड कॉपी के साथ समस्त दस्तावेजों को प्रस्तुत करते हुए 20 मई तक प्रवेश संबंधी प्रक्रिया पूर्ण कर लेनी होगी। नियत तिथि तक प्रवेश नहीं लेने अथवा सही दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने की स्थिति में संबंधित का प्रवेश निरस्त माना जाएगा। तथा उक्त सीट पर प्रतीक्षा सूची के अभ्यर्थी को प्रवेश दे दिया जाएगा। हिंदी मीडियम की प्रवेश प्रभारी मधु गुप्ता ने जानकारी दी है कि कक्षा नवमी में प्रवेश हेतु कक्षा आठवीं की अंकसूची, पिछले स्कूल का स्थानांतरण प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, विद्यार्थी का आधार कार्ड, माता-पिता का आधार कार्ड, सक्षम अधिकारी द्वारा जारी गरीबी रेखा प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक की फोटोकॉपी, राशन कार्ड , महतारी दुलार योजना में प्रवेश की स्थिति में सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र, दो फोटो आदि दस्तावेज एवं दो फोटो एक साथ जमा करने होंगे।

# जपं में मना बाल विवाह मुक्त जिला कार्यक्रम

**मैनपुर।** कलेक्टर दीपक अग्रवाल के निर्देशन में आज जनपद पंचायत मैनपुर के सभाकक्ष में बाल विवाह रोकथाम अभियान के तहत ब्लॉक स्तरीय बैठक आयोजित किया गया। जिसमें बताया गया की बाल विवाह एक दण्डनीय अपराध है जिसके कारण लड़के एवं उसके परिवार व अन्य लोगों को कानूनी सजा हो सकती है। विवाह के लिए लड़की की उम्र 18 वर्ष व लड़के का उम्र 21 वर्ष होना जरूरी है। ग्राम स्तर पर जागरूकता हेतु सभी लोगों को अभियान में शामिल होकर जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने में सहयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही बाल



संरक्षण टीम के माध्यम से बाल अधिकार, बाल सुरक्षा एवं सरंक्षण के बारे में बताया गया। साथ ही बाल विवाह रोकथाम हेतु शपथ दिलाया गया। यह भी बताया गया कि बाल विवाह से संबंधित कोई भी जानकारी प्राप्त होने पर चाइल्ड हेल्पलाइन टोल फ्री नम्बर 1098 में कॉल कर जानकारी दे सकते हैं। कार्यक्रम में जिला अधिकारी महिला एवं बाल विकास अशोक पांडेय,जनपद पंचायत सीईओ मैनपुर अंजली खलखों, ब्लॉक परियोजना अधिकारी चन्द्रहास साहू, यूनिसेफ जिला सलाहकार, बाल संरक्षण टीम, सेक्टर सुपरवाइजर, कार्यकर्ता एवं अन्य ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# बाल विवाह मुक्त जिला अभियान को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला

**मैनपुर।** कलेक्टर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर अक्षय तृतीया पर्व पर होने वाले बाल विवाह रोकथाम के लिए गुरूवार को जनपद पंचायत मैनपुर के सभाकक्ष में बाल विवाह रोकथाम के लिए एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय कार्यशाला का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वाधान मे किया गया। इस दौरान कार्यशाला में जिला महिला बाल विकास अधिकारी दीपा शाह, जनपद पंचायत मैनपुर के सीईओ सुश्री अंजली खलको, जिला विधिक सह परीक्षा अधिकारी शरद चंद निषाद, यूनिसेफ जिला सलाहकार चित्र साहू, परियोजना अधिकारी चन्द्रहास साहू द्वारा बताया गया की बाल विवाह एक दण्डनीय अपराध है जिसके



कारण लड़के एवं उसके परिवार व अन्य लोगो को सजा हो सकती है। लड़की की उम्र 18 वर्ष व लड़के का उम्र 21 वर्ष होना जरूरी है। जिला अधिकारियों ने ग्राम स्तर पर जागरूकता हेतु सभी लोगो को अभियान में शामिल होकर जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने में सहयोग करने के लिए प्रेरित किया गया साथ ही बाल संरक्षण टीम के माध्यम से बाल अधिकार, बाल सुरक्षा एवं सरंक्षण के बारे में बताया गया। इस दौरान जिला महिला बाल विकास अधिकारी दीपा शाह द्वारा बाल विवाह रोकथाम हेतु सभी को शपथ दिलाया गया एवं बाल विवाह से संबंधित कोई भी जानकारी प्राप्त होने पर चाइल्ड हेल्प लाइन टोल फ्री नम्बर 1098 में कॉल कर जानकारी देने अपील किया। कार्यशाला मे विधिक सह परीक्षा अधिकारी शरद चंद निषाद ने बताया कि बालक–बालिका के जीवन पर बाल विवाह का दुष्प्रभाव पड़ता है कार्यशाला में बच्चों को बाल विवाह से होने वाले नुकसान के बारे में बताते हुए आह्वान किया गया कि वह अपना बाल विवाह नहीं होने दें यदि परिजन दबाव बनाए तो तुरंत पुलिस को सूचना दें, ताकि परिजनों से समझाइश की जा सके। इस दौरान कार्यशाला में युनीसेफ की जिला सलाहकार सुश्री चित्र साहू, पर्यवेक्षक श्रीमति नीता अवधिया, कुमारी साहू, कविता ठाकुर, पुष्पा ध्रुव, ओमेश्वरी कंवर, दशमत भारती, गीतांजली सिन्हा, नाजिया हसन, भूमिश्वरी साहू, इंद्राणी बंजारे, सुनील पटेल, तेजकरण सोरी, हेमलाल प्रधान, संजय कर्मकार, हेमिन निर्मलकर, मनीषा साहू, बिलासो ध्रुव उपस्थित थे।



**खबर संक्षेप**

## दसवीं-बारहवीं का परीक्षा परिणाम रहा शानदार

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी कक्षा दसवीं बारहवीं का परीक्षा परिणाम जारी हुआ। जिसमें शासकीय डीएमएस उमावि महासमुंद का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम 93 प्रतिशत रहा। जिसमें कक्षा 12वीं कला 100 प्रतिशत, वाणिज्य संकाय 100 प्रतिशत, 12वीं विज्ञान 82 प्रतिशत प्रतिशत रहा। जिसमें विज्ञान संकाय के आयुष कुमार साहू ने 79 प्रतिशत तथा सिमरन ने 78 प्रतिशत अंक प्राप्त किया । कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम 81 प्रतिशत रहा। जिसमें यहां के छात्र देवानंद कोसरे ने 93 प्रतिशत अंक लाकर शाला में प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर दानवीर साहू का रहा, जिन्होंने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। इस अवसर पर जारी परीक्षा परिणाम पर संतुष्टि जताते हुए संस्था प्रमुख केके शुक्ला एवं शिक्षकों ने हर्ष जताया है। इस अवसर पर रिखीराम साहू, मानिक लाल साहू, जगदीश लाल साहू, शैलेंद्र सोनी, हर्षिता चंद्राकर, सोम प्रकाश साहू, गायत्री पटेल, प्रिया देवांगन, हिरेंद्र कुमार साहू, आरती साहू, नागेश विश्वकर्मा, छाया साव आदि मौजूद रहे।

## महाराणा प्रताप की जयंती मनाई

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में महान योद्धा एवं मातृभूमि के सपूत वीर महाराणा प्रताप की जयंती मनाई गई। जिसमें मितानिन कौशल्या चंद्राकर, भारती चंद्राकर, दामिनी चंद्राकर अंजू, चंद्राकर रुपेश चंद्राकर, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर आदि मौजूद रहे।

## ऑनलाइन आहाता आबंटन आज

**महासमुंद।** वर्ष 2024-25 के लिए देशी, विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों के अनुज्ञप्ति परिसर से संलग्न आहातों के लिए अनुज्ञप्तियों के ऑनलाइन आबंटन के लिए 12 अप्रैल से 25 अप्रैल 2024 तक ऑनलाइन निविदा आमंत्रित किए गए थे तथा अनुज्ञप्तिधारी के चयन की तिथि 26 अप्रैल 2024 एवं 29 अप्रैल 2024 नियत की गई थी। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि प्रदेश में लोकसभा निर्वाचन का कार्य 7 मई 2024 तक प्रक्रियाधीन होने के कारण तिथि में संशोधित करते हुए महासमुंद जिले के लिए निविदाकारों का चयन 10 मई 2024 को प्रातः 11 बजे जिला पंचायत के सभाकक्ष में किया जाएगा। चयन प्रक्रिया के दौरान निविदा दाताओं को निविदा की प्राप्ति अभिस्वीकृति के साथ उपस्थित होना अनिवार्य होगा।

## छठवीं में प्रवेश फार्म का वितरण आज से

**महासमुंद।** समग्र शिक्षा अंतर्गत सत्र 2024-25 के लिए जिले के विकासखंड बागबाहरा में संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय सुनसुनिया, विकासखंड पिथौरा के कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय लाखागढ़ एवं विकासखंड बसना के कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बंसुला में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए प्रवेश फार्म का वितरण 10 मई 2024 से शुरू होगा। जिला मिशन समन्वय समग्र शिक्षा ने बताया कि प्रवेश फार्म प्राप्त व जमा करने की अंतिम तिथि 10 जून 2024 तक है। कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय सुनसुनिया में कक्षा 6वीं में रिक्त सीट 32, लाखागढ़ में 35 तथा बंसुला में रिक्त सीट 36 है।


**समस्या :** मैनपुर से 8 किलोमीटर दूर झरियाबाहरा के पास दिखा गौर का झुंड

# जंगल के नदी, नाले, तालाब और पोखर सूखे वन्य प्राणी आबादी की ओर आने को मजबूर


हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

अलग खबर

तेज धुप और भीषण गर्मी के चलते जंगल के भीतर नदी, नाले, तालाब, पोखर, तेजी से सुख रहे है, जिसके कारण वन्य प्राणी काफी विचलित नजर आ रहा है और प्यास बुझाने इन दिनों गांव के नजदीक तालाब, व खेतों में मंडराते दिखाई दे रहे है। जिसके कारण एक तरफ वन्य प्राणियों से लोगों की सुरक्षा को लेकर दहशत देखने को मिल रहा है तो दूसरी ओर वन्य प्राणियों की सुरक्षा पर भी सवाल उठ रही है, हर वर्ष गर्मी के दिनों में जंगल में भीषण, आगजनी के कारण जंगल के अधिकांश हिस्सों में आग लगने से छोटे -छोटे घास फु पेड़-पौधे जलकर नष्ट हो गये हैं। जिससे वन्य प्राणियों के सामने जहां चारा की समस्या उत्पन्न हो रही है, तो वहीं दूसरी ओर जंगल के भीतर नदी, नाले, पोखर सुख जाने से वन्य प्राणी सड़क किनारे और गांव के नजदीक दिखाई दे रहे है, जिससे वन्य प्राणियों के अवैध शिकार की संभावना बढ़ गई है। हांलाकि क्षेत्र के उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के जंगल में 70 से 75 तालाब वन्य प्राणियों के प्यास बुझाने के लिए जिसमें से अभी भी 25 से 30 तालाबों में पानी होने का दावा वन विभाग द्वारा किया जा रहा है, साथ ही उदंती नदी के भीतर जगह -जगह झरिया खोदकर वन्य प्राणियों के प्यास बुझाने की व्यवस्था किया गया है, ठीक इसके विपरीत उदंती अभ्यारण्य के बाहर सामान्य वन जंगल क्षेत्र में अब तक वन्य प्राणियों के प्यास बुझाने के लिए नदी, नालों व झरिया निर्माण का कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है। आए दिनों मैनपुर नगर से लेकर आसपास व दुरस्थ वनांचल के ग्रामों के नजदीक शाम और सुबह के समय चीतल, सांभर, हिरण के झुण्ड आसानी से दिखाई दे रहा है, तो वहीं भालू की धमक तो मैनपुर नगर तक हो रही है, जिससे आसानी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि जंगल के भीतर नदी, नाले, पोखर सुखने के कारण वन्य प्राणी पानी की तलाश में गांव की तरफ रूख कर रहे है।







### वन्य प्राणी गौर को ग्रामीणों ने प्यास बुझाते देखा,अमला को दी जानकारी

बढ़ती गर्मी के साथ जंगलो के भीतर जल स्त्रोत तेजी से सुख रहे हैं, नदी-नाले, तालाब व पोखर के सुख जाने से जंगली वन्य प्राणी आए दिनों आबादी वाले गांव के तरफ पहुंचने लगे है, कल रविवार को मैनपुर से 08 किलोमीटर दूर ग्राम झरियाबाहरा बस्ती से लगे तालाब में सुबह वन्य प्राणी गौर को ग्रामीणों ने प्यास बुझाते देखा। जिसकी जानकारी स्थानीय वन विभाग के अमला को दिया गया, ज्ञात हो कि वन्य प्राणी गौर उदंती अभ्यारण्य के घने जंगल में पाये जाते है, जो यहां से 35 से 40 किलोमीटर दूर है। लेकिन गर्मी के दिनों में वन्य प्राणी जंगलो के भीतर पानी के कमी के चलते आबादी क्षेत्रों में आने लगे हैं, जिससे जहां एक ओर वन्य प्राणियों के हमले से ग्रामीणों में डर देखा जा रहा है, तो दूसरी ओर वन्य प्राणियों की सुरक्षा को लेकर भी सवाल उठ रही है, ज्ञात हो कि इन दिनों लगातार वन्य प्राणियों के आबादी क्षेत्रों में आने की जानकारी मिल रही है। कहीं भालू, कहीं लकडबघ्घा, तो कहीं गांव के नजदीक और नेशनल हाईवे के किनारे हिरण और चितल का झुण्ड आसानी से दिखाई दे रहा है। ऐसे समय में वन विभाग को उनकी सुरक्षा को लेकर ज्यादा मुस्तैद होने की जरूरत है।

### प्यास बुझाने के लिए तीन दर्जन से ज्यादा तालाब

उदंती अभ्यारण्य के वन परिक्षेत्र अधिकारी डीएन सोनी ने बताया कि उदंती अभ्यारण्य के भीतर वन्य प्राणियों के प्यास बुझाने के लिए तीन दर्जन से ज्यादा तालाब हैं। इन तालाबों में से अधिकांश तालाब में अभी पानी कहीं 50 प्रतिशत तो कहीं 20 प्रतिशत है। साथ ही नदी में झरिया भी खोदा गया है, जिससे वन्य प्राणियों को पानी मिल सके।

# होनिशा की प्रावीण्य सूची में आने पर साहू समाज ने जताई खुशी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

कुमारी होनिसा साहू के कक्षा 10वीं में छत्तीसगढ़ के टॉप टेन सूची में दूसरा स्थान प्राप्त करने पर साहू समाज ने खुशी जाहिर करते हुए छात्रा का सम्मान किया है। यह जानकारी देते हुए साहू संघ के कोषाध्यक्ष घनश्याम साहू ने बताया कि जिला अध्यक्ष नारायण साहू के नेतृत्व में बेटी होनिसा का सम्मान माता कर्मा का फोटो, बुके, गमछा एवं प्रोत्साहन राशि भेंट कर किया गया। इस अवसर पर समाज के प्रवीण साहू जिला महासचिव युवा प्रकोष्ठ एवं परिक्षेत्र अध्यक्ष साहू समाज बेलर, योगेश साहू उपाध्यक्ष जनपद पंचायत फिंगेश्वर, हरीश साहू उपाध्यक्ष जिला साहू संघ, अंजोर साहू कार्यालय प्रभारी जिला साहू संघ, थानेश्वर साहू युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष कोपरा, रमेश साहू कोपरा, खेमू साहू उपस्थित रहे।

# 12वीं में मोरध्वज एवं 10वीं में वर्षा ने मारी बाजी

**नवापारा-राजिम।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें सरस्वती शिशु मंदिर नवापारा का परिणाम उत्कृष्ट रहा। बारहवीं में कुल 15 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। जिसमें आठ प्रथम श्रेणी, पांच द्वितीय एवं दो को पूरक की पात्रता प्राप्त हुई। वहीं दसवीं में कुल 23 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए दस प्रथम श्रेणी,चार द्वितीय, और तीन पूरक और छै अनुत्तीर्ण रहे। इस प्रकार परीक्षा फल 73.91 रहा। बारहवीं में गणित संकाय से मोरध्वज साहू ने 86.4 प्रतिशत प्राप्त कर कक्षा में प्रथम स्थान पर रहे। वहीं दसवीं में वर्षा देवांगन ने 90.16 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान प्राप्त पर रही इन्हे 600 में कुल 541 अंक मिले सभी विषय में डिस्टेंशन मिले है। हिंदी में 94, विज्ञान 81 गणित 92 समाजिक 97, संस्कृत 94, अंग्रेजी 83 अंक मिले है। वर्षा देवांगन शुरू से होनहार छात्रा रही है। पढ़ाई के साथ हर गतिविधी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करती हैं। उन्होंने कहा अपेक्षा तो और अधिक पाने की थी पर अपने परिणाम को सहजता से स्वीकार करती हूं और सभी बच्चों से यही कहूंगी मेहनत शुरू से करे तो सफलता अवश्य मिलेगी और असफल होने पर निराश न हों। फिर से प्रयास करे और अपने गुरुजन माता पिता का कहना माने हर कदम पर चुनौतियों के लिए तैयार रहें। विद्यार्थी जीवन स्वर्णिम अवसर हैं इसे यूं ही बर्बाद न करें हार जीत होती रहतीं है लेकिन कोशिश करते रहें। उत्तीर्ण विद्यार्थियो को विद्यालय के पदाधिकारी विनोद शर्मा, वीरेंद्र कुमार साहू, प्रफुल्ल दुबे, व्यसनारायण चतुवेर्दी प्राचार्य गौरी शंकर निर्मलकर, आचार्य नरेश यादव, वाल्मिकी धीवर, नरेंद्र साहू, सरोज कंसारी, तामेश्वर साहू, नंद कुमार साहू , संजय सोनी ने उज्वल भविष्य की कामना की।

# हरिहर विद्यालय के 12वीं में गोपाल,10वीं में हर्षल प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

हरिहर उत्कृष्ट विद्यालय के हिन्दी माध्यम में सत्र 2023-24 में कक्षा बारहवीं की बोर्ड परीक्षा में कुल 135 विद्यार्थियों में से 125 उत्तीर्ण हुए इस प्रकार परीक्षा परिणाम 92 प्रतिशत रहा। जिसमें 71 प्रथम श्रेणी में, 52 व्दितीय श्रेणी में एवं 2 विद्यार्थी तृतीय श्रेणी में रहे। जबकि कक्षा दसवीं बोर्ड परीक्षा में कुल 155 विद्यार्थियों में 79 उत्तीर्ण रहे, जिससे परीक्षा परिणाम 51 प्रतिशत रहा। जिसमें 36 प्रथम श्रेणी में, 40 व्दितीय श्रेणी में एवं 3 विद्यार्थी तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। यह जानकारी देते हुए प्राचार्य संध्या शर्मा ने बताया कि हिन्दी माध्यम के कक्षा बारहवीं वाणिज्य संकाय में 100 प्रतिशत, कला संकाय में 91 प्रतिशत तथा विज्ञान संकाय में 84 प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा। कक्षा बारहवीं में गोपाल सोनकर ने 92 प्रतिशत लेकर प्रथम स्थान, विवेक तुरकाने ने 88.8 प्रतिशत लेकर व्दितीय एवं कमलेश साहू ने 88.6 प्रतिशत लेकर तृतीय स्थान पर रहे। संकायवार परीक्षा परिणाम में कला संकार से गोपाल सोनकर प्रथम, कमलेश साहू व्दितीय, सूरज कुमार तृतीय स्थान पर रहे. वहीं विज्ञान संकाय में विवेक तुरकाने प्रथम, दुष्यंतकुमार व्दितीय, गौतम देवांगन तृतीय स्थान पर एवं वाणिज्य संकाय में राजेशकुमार प्रथम, कुलेश्वर साहू द्वितीय एवं धनेश्वर साहू तृतीय स्थान पर रहे। इसी प्रकार कक्षा दसवीं में हर्षल देवांगन प्रथम, पवन पटेल द्वितीय एवं चन्द्रप्रकाश तृतीय स्थान पर रहे।



श्रीमती शर्मा ने बताया कि विद्यालय के अंग्रेजी माध्यम में कक्षा बारहवीं में 29 विद्यार्थियों में से 23 उत्तीर्ण रहे, जिससे परीक्षा परिणाम 79.3 प्रतिशत रहा, जिसमें सभी 23 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। वहीं कक्षा दसवीं में 82 प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा। जिसमें कक्षा बारहवीं में प्रथम नैना निषाद, व्दितीय शौर्य शुक्ला एवं तृतीय विकास जांगड़े रहे, कक्षा दसवीं में प्रथम चैतन्य निषाद, द्वितीय श्रृष्टि यदु एवं तृतीय शौर्य देवांगन रहे।

# छुईहा स्कूल के10वीं में मोनाक्षी व 12वीं में गीतांजलि प्रथम





**छुईहा बेलर।** गुरूवार को 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम जारी कर दिए गए हैं। हाई स्कूल एवं हायर सेकंडरी स्कूल छूईहा में दोनों ही परीक्षाओं में बालिकाओं ने कक्षा में प्रथम स्थान पर बाजी मारी है। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी किए गए नतीजों में वर्ष 2024 की हाईस्कूल परीक्षा छुईहा 10वीं 98% परीक्षा परिणाम है। जिसमें मोनाक्षी साहू पिता टीकम साहू ग्राम चरभट्ठी ने 88%अंक अर्जित कर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं हायर सेकंडरी स्कूल छुईहा 12वीं के परीक्षा परिणाम 91% रहा। जिसमें गीतांजलि ध्रुव पिता बिशेश्वर ध्रुव ने 77% अंक अर्जित कर कक्षा में प्रथम स्थान बनाया। इसके सफलता के लिए प्रचार्य नारायण निषाद, सरपंच छुईहा गजेश्वर सिन्हा,हाई स्कूल अध्यक्ष परदेशी सिन्हा, चरभट्ठी सरपंच ओमप्रकाश साहू ने बधाई दी है।

# सशिमं छुरा कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

सरस्वती शिशु मंदिर छुरा कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम गुरूवार को घोषित हुआ। जिसमें कुल 32 बच्चे परीक्षा में सम्मिलित हुए थे। कक्षा में दस स्थान बनाने वाले भैया/बहिनों के नाम एवं प्रतिशत इस प्रकार है। पहला स्थान चंद्रप्रभा 91.83%, दूसरा गरिमा 85.16%, तीसरा तोषण 84.16%, चौथा रूपल 82.33 %,पांचवा नम्रता 82%, छठवां लिपाक्षी 81.66%, सातवां विकास ध्रुव 81.33% ,आठवां ईशिका 81.16 %,नवां लेसिका 75.66%, दसवां देविका 73.66% रहा। सभी बच्चों को विद्यालय संचालन समिति के व्यवस्थापक मदन सेन, अध्यक्ष विजय गुप्ता, कोषाध्यक्ष संतोषी यादव, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश यादव, सहसचिव रामलाल कुलदीप, सदस्यगण, प्राचार्य संतोष वर्मा, स्टॉफ के समस्त आचार्य/दीदियों ने उज्वल भविष्य कि कामना की है।



## एसडीएम ने ली लंबित जाति प्रमाण पत्रों की जानकारी

**महासमुंद।** विद्यालयीन छात्र-छात्राओं के जाति प्रमाण पत्र की प्रक्रिया की प्रगति को लेकर जनपद पंचायत बागबाहरा के सभा गृह में विकासखंड के समस्त प्राचार्यों एवं संकुल समन्वयकों का अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सृष्टि चंद्राकर द्वारा समीक्षा बैठक ली गई। एसडीएम सृष्टि चंद्राकर ने विद्यालय व संकुलवार अभी तक बन चुके और बनाने के लिए लंबित जाति प्रमाण पत्र की जानकारी ली। जिसमें लंबित प्रकरण पर नाराजगी व्यक्त करते हुए,अगले समीक्षा बैठक के पहले निराकरण करने के निर्देश दिए गए। जिन आवेदनों को बनाने में कठिनाई हो रही है, उन्हें आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराकर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने छूटे हुए बच्चों के जाति प्रमाण पत्र बनाने के कार्य को 15 जून तक पूर्ण करने के निर्देश सभी प्राचार्यों, संकुल समन्वयकों व शिक्षकों को दिए। समीक्षा बैठक में गूगल शीट के माध्यम से अनुविभाग के प्रत्येक विद्यालयों के लक्ष्य व उपलब्धि का वन टू वन समीक्षा की।

# देश की जनता बेरोजगारी व महंगाई से त्रस्त : शिवाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवाजी राव मोंगे ओडिसा चुनाव प्रचार के लिए जाते समय गुरूवार को मैनपुर पहुंचे। इस दौरान बिन्द्रानवागढ विधायक जनक ध्रुव के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान पैरी सदन नाहनबिरी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात किया और संगठन और चुनाव के सबंध में जानकारी लिया। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवाजी राव मोंगे ने कहा कि देश की जनता मंहगाई, बेरोजगारी, से त्रस्त हो चुकी है और यह समय बदलाव का समय है, तीन चरण के मतदान हो चुके है, मतदान के बाद स्थिति स्पष्ट हो चुकी है कि जनता अपना जनादेश मंहगाई बेरोजगारी वायदा खिलाफी के खिलाफ करते हुए इंडिया गठबंधन के पक्ष में मतदान किया है, छत्तीसगढ़ में भी कांग्रेस पिछले बार की अपेक्षा इस बार सबसे ज्यादा सीट कांग्रेस जीतने की स्थिति में है, उन्होने कहा कि ओडिसा में भी कांग्रेस के पक्ष में बेहतर माहौल है और वे ओडिसा चुनाव प्रचार के लिए नवरंगपुर जा रहे हैं। इस मौके प्रमुख रूप से बिन्द्रानवागढ विधायक जनक ध्रुव, आदिवासी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष खेदू नेगी, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सोहन नागेश, टीकम कपील, मोहित ध्रुव, रामसिंह नागेश, अशोक दुबे, डोमार साहू, लोकनाथ साहू, खेलन साहू, गयचन्द्र कोमर्रा, भवानी मरकाम, गोंविद रेंगे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# अक्षय तृतीया आज, दान करना श्रेष्ठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

हिंदू धर्म में अक्षय तृतीया के पर्व का विशेष महत्व होता है। हिंदू मान्यताओं के अनुसार यह तिथि बहुत ही शुभ और महत्वपूर्ण मानी गई है। तृतीया मां गौरी की तिथि है कि इस दिन गृहस्थ जीवन में सुख-शांति की कामना से की गई प्रार्थना तुरंत स्वीकार होती है। गृहस्थ जीवन को निष्कंटक रखने के लिए इस दिन उनकी पूजा की जाना चाहिए। अक्षय तृतीया के दिन यह 14 दान है महत्वपूर्ण : 1. गौ, 2. भूमि, 3 . तिल, 4. स्वर्ण, 5 . घी, 6. वस्त्र, 7. धान्य, 8. गुड़, 9. चांदी, 10. नमक, 11. शहद, 12. मटकी, 13 खरबूजा और 14. कन्या को महत्त्वपूर्ण माना जाता है। माना जाता है कि जो लोग इस दिन अपने सौभाग्य को दूसरों के साथ बांटते हैं वे ईश्वर की असीम अनुकंपा पाते हैं। इस दिन दिए गए दान से अक्षय फल की प्राप्ति होती है। सुख समृद्धि और सौभाग्य की कामना से इस दिन शिव-पार्वती और नर नारायण की पूजा का विधान है अक्षय तृतीया का संबंध चन्द्रमा से होने के कारण इस दिन सबसे पहले पितृकर्म करने को कहा गया है। कहा जाता है कि इस दिन पितृ से संबंधित कर्म का फल सहस्त्रगुना होकर पितरों को प्राप्त होता है। इस दिन पवित्र नदियों में स्नान करना चाहिए अथवा स्नान करते समय जल में भी तीर्थ जल और अक्षत डालने चाहिए।

### अक्षय तृतीया तिथि और पूजा शुभ मुहूर्त



वैदिक पंचांग के अनुसार वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि की शुरुआत 10 मई को सुबह 4 बजकर 17 मिनट पर होगी। वहीं इस तृतीया तिथि का समापन 11 मई 2024 को सुबह 02 बजकर 50 मिनट पर होगी। उदया तिथि के आधार पर 10 मई को अक्षय तृतीया का पर्व मनाया जाएगा। अक्षय तृतीया त्योहार पर मां लक्ष्मी और भगवान विष्णु की पूजा के लिए शुभ मुहूर्त सुबह 5 बजकर 48 मिनट से लेकर दोपहर 12 बजकर 23 मिनट तक रहेगा।

